सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध/द्वारा फैक्स/ई–मेल

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद–1

संख्याःदस–334(वरिष्ठता)–2013 दिनांकःजुलाई 26, 2014

सेवा में,

1– समस्त विभागाध्यक्ष पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।
2– समस्त कार्यालयाध्यक्ष पुलिस विभाग, उत्तर प्रदेश।
3– समस्त जोनल पुलिस महानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।
4– समस्त परिक्षेत्रीय पुलिस उपमहानिरीक्षक, उत्तर प्रदेश।

विषयः उ0प्र0 आरक्षी सशस्त्र पुलिस कर्मियों के दिनांक 31.12.1977 तक के आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं मुख्य आरक्षी(विशेष श्रेणी) सशस्त्र पुलिस की वर्षवार(बैच) अन्तिम सूची का उ0प्र0 पुलिस वेबसाइट पर प्रकाशन।

---

कृपया उपर्युक्त विषयक पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 05.06.2014 का अवलोकन करें, जिसके द्वारा दिनांक 01.01.1972 से 31.12.1977 तक के भर्ती 2127 आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस (विशेष श्रेणी) के कुल **2039** कर्मियों की वर्षवार(बैचवार) सूची आपके कार्यालय द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के अनुसार तैयार करके उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-Armed-police** पर सर्वसम्बन्धित के सूचना प्रदर्शित करते हुये सूची में अंकित कर्मियों को अवगत कराने, विद्यमान त्रुटियों को संशोधित कराने तथा छुटे हुये नामों को सम्मिलित कराने का अनुरोध किया गया था। इसी के साथ सम्बन्धित कर्मियों से प्राप्त प्रत्यावेदनों को दिनांक 13.06.2014 तक जनपद/इकाई स्तर पर निस्तारित करके सूची में अपेक्षित संशोधन हेतु सूचना उपलब्ध कराने का भी अनुरोध किया गया था।

2. प्रश्नगत प्रकरण में समाचार पत्रों में दिनांक 07.06.2014 एवं 08.06.2014 को प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित कराके सर्वसम्बन्धित को सम्पूर्ण कार्यवाही कराने की सूचना दी गयी थी।

3. उपर्युक्त के क्रम में जनपदों/इकाईयों से प्राप्त सूचनाओं के आधार पर दिनांक 31.12. 1977 तक के भर्ती आरक्षी सशस्त्र पुलिस एवं मुख्य आरक्षी सशस्त्र पुलिस (विशेष श्रेणी) के अनन्तिम प्रकाशित वरिष्ठता सूची में छुटे हुये नाम, सूची में अंकित प्रविष्टियों के संशोधन, प्रत्यावेदनों के निस्तारण के पश्चात् प्राप्त संशोधनों को सम्मिलित करते हुये वर्षवार(बैच) 2039 कर्मियों की अन्तिम सूची तैयार कर उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट **http://uppolice.gov.in/page.aspx?estt.-matters-of-Armed-police** पर दिनांक 26.07.2014 को प्रकाशित की गयी है।

4. उक्त अन्तिम सूची निम्मलिखित आधार पर तैयार की गयी हैः–

1– भर्ती की तिथि के वर्ष को ''वर्ष(बैच)'' माना गया है।
2– पूर्ववर्ती ''वर्ष(बैच)'' में चयनित आरक्षी का नाम पश्चात्वर्ती ''वर्ष(बैच)'' में चयनित आरक्षी से ज्येष्ठ माने गये है।
3– वर्षवार(बैचवार) तैयार की गयी सूची में एक वर्ष(बैच) में अंकित आरक्षियों के नामों के क्रम से किसी प्रकार की ज्येष्ठता अवधारित नही की जायेगी।

4— सूची जोनवार/परिक्षेत्रवार/जनपद/इकाई एवं पी0एन0ओ0 के क्रम में तैयार की गयी है।

5— मुख्य आरक्षी(विशेष श्रेणी) सशस्त्र पुलिस का मौलिक पद आरक्षी होने के कारण इनका नाम भी इसी सूची में सम्मिलित किया गया है।

6— यह सूची उ0प्र0 नॉमिनल रोल डाटा बेस प्रणाली में उपलब्ध सूचना के आधार पर तैयार की गयी है तथा जनपद/इकाई स्तर पर कर्मियों के सेवाभिलेख के परीक्षणोपरान्त प्राप्त संशोधनों को सम्मिलित कर लिया गया है।

5. अतः अनुरोध है कि इस पत्र के साथ अन्तिम रूप से प्रकाशित की गयी वर्षवार(बैच) सूची को उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर अपने जनपद/इकाई में नियुक्त सम्बन्धित आरक्षियों को सूचित करते हुये सूचना देने सम्बन्धी अभिलेख अपने कार्यालय स्तर पर सुरक्षित रखने की कृपा करें।

6. उपरोक्त कार्यवाही शासनादेश संख्याः 3635/छः—पु—1—113—115/08 दिनांक 09.01.2014 के क्रम में की गयी है।

26/7/14

(भगवान स्वरूप)

**पुलिस उपमहानिरीक्षक, इलाहाबाद परिक्षेत्र/**
**पुलिस उपमहानिरीक्षक,स्थापना,**
**उत्तर प्रदेश।**

<u>संख्या तथा दिनांक वही।</u>

**प्रतिलिपिः**

1— अपर पुलिस महानिदेशक, कार्मिक उ0प्र0 लखनऊ।

2— सदस्य सचिव उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ।

3— पुलिस महानिरीक्षक,स्थापना उ0प्र0 लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि कृपया अपने स्तर से समस्त सम्बन्धित को अपेक्षित कार्यवाही पूर्ण करने हेतु समुचित निर्देश निर्गत करने की कृपा करे।

<u>संख्या तथा दिनांक वही।</u>

**प्रतिलिपि**— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1— पुलिस उपमहानिरीक्षक, एन0आई0ए0, 1/131 विजयखण्ड गोमती नगर लखनऊ।

2— निदेशक, अन्य पिछड़ा वर्ग निदेशालय इन्दिरा भवन लखनऊ।

3— आयुक्त व्यापार कर विभाग उ0प्र0 लखनऊ।

4— पुलिस अधीक्षक, पावर कारपोरेशन उ0प्र0 लखनऊ।

5— पुलिस अधीक्षक, सीबीआई लखनऊ।

6— पुलिस अधीक्षक, वाणिज्य कर विभाग लखनऊ।

7— संयुक्त सचिव, इलाहाबाद विकास प्राधिकरण, इलाहाबाद।

8— सचिव, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

9— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर।

10— संयुक्त सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ।

11— मुख्य कार्यपालक अधिकारी, नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण, सेक्टर—6 गौतमबुद्धनगर।